# राज्य स्तरीय आकलन 2018–19
## कक्षा – 4
## विषय – पर्यावरण अध्ययन

(आदर्श उत्तर)

**प्र. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के चार विकल्प दिए गए है, सही उत्तर पर √ का चिन्ह लगाओ। प्रत्येक में 1 अंक हैं।** (10 अंक)

उत्तर 1

उत्तर– i – (ब) मधुमक्खियाँ

उत्तर– ii – (द) पेड़

उत्तर– iii – (स) ब्राह्मीलिपि

उत्तर– iv – (ब) भेड़

उत्तर– v– (स) इग्लू

उत्तर– vi – (स) मिट्टी, पत्ती, फूल के रंग

उत्तर– vii – (ब) कोयल

उत्तर– viii– (स) बैल

उत्तर– ix – (द) 5 c.m.

उत्तर– x – (ब) 11 – 11

**अति लघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखो। प्रत्येक में 2 अंक हैं।** (12 अंक)

उत्तर 2. i) जोगीमारा की गुफा
ii) सीताबेंगरा की गुफा

उत्तर 3. i) स्कूल की घंटी टन–टन बजती है तथा पानी में पत्थर फेंकने पर छपाक की आवाज आती है।

ii) घंटी की आवाज लगातार सुन सकते हैं लेकिन पानी में पत्थर फेंकने पर लगातार नहीं सुन सकते।

उत्तर 4. टेलीफोन बनाने के लिए माचिस के दो खाली खोखे और एक मोटा–सा धागा लेंगे। धागा 10–15 फीट या इससे ज्यादा लंबा लेंगे।

अब इस धागे के दोनों छोरों को एक–एक कर दोनों माचिस के अंदर वाले खोखे में छेद बना कर गठान लगा कर बाँध देंगे। इस प्रकार हमारा टेलीफोन तैयार होगा।

उत्तर 5. बोझ ढोने वाले जानवर –

i) गधा ii) ऊँट iii) खच्चर

उत्तर 6. अण्डे देने वाले

| अण्डे देने वाले | बच्चे देने वाले |
|---|---|
| (1) मुर्गी | (1) बिल्ली |
| (2) कबूतर | (2) सूअर |

उत्तर 7. फुटबॉल के खेल में गेंद को जाल में जाने से गोलकीपर बचाता है।

**लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखो। प्रत्येक में 3 अंक हैं।** (12 अंक)


उत्तर 8. रामगढ़ की गुफा में सुरंग का आकार इतना बड़ा है कि इसमें से एक हाथी निकल सकता है। इसी कारण इस सुरंग का नाम हाथी पोल पड़ा।

उत्तर 9. नक्शे से दिशाओं का ज्ञान होता है। नक्शे में उत्तर दिशा हमेशा ऊपर की ओर और दक्षिण दिशा नीचे की तरफ होती है। पूर्व दिशा दायीं तरफ, पश्चिम दिशा बाईं तरफ होती है।

नक्शे की सहायता से किस दिशा में क्या–क्या स्थित है, बता सकते हैं।

नक्शे की मदद से हम जिस जगह जाना चाहते हैं आसानी से पहुँच सकते हैं। नक्शे की मदद से किसी धरातल या किसी भाग को कागज पर पैमाने के आधार पर छोटे रूप में दर्शाया जाता है।

उत्तर 10



उत्तर 11

हाँ, मैने क्रिकेट मैच खेला है। क्रिकेट में दो टीम होती है। सर्वप्रथम एम्पायर दोनों टीम का परिचय करवाता है, फिर टॉस करवाता है। प्रत्येक टीम में 11–11 खिलाड़ी होते हैं। हम मैदान में 10 बजे पहुँच गये। सर्वप्रथम टॉस जीतकर विरोधी पक्ष ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। सलामी बल्लेबाज के रूप में लोकेश और गौरव आए। हमारी ओर से दिनेश बॉल देने गया। खेल बड़े साहस और उत्साह से शुरू हुआ। रन बनाने का दौर शुरू हुआ। चौके और छक्कों की बारिश होने लगी, अचानक कैप्टन गौरव आउट हो गया। पेवेलियन लौट गया।

भोजन के बाद हमारी टीम ने मोर्चा संभाला। विरोधी टीम हमें ज्यादा रन नहीं बनाने दे रही थी। फिर भी हमारे 11 खिलाड़ियों ने सम्मानजनक रन बनाकर मैच जीत लिया। यद्यपि हमने मैच जीत लिया लेकिन दर्शकों की दृष्टि से दोनों टीम बराबर थीं।

**लघुउत्तरीय प्रश्न के उत्तर लिखो । प्रत्येक में 4 अंक हैं।** (16 अंक)

उत्तर 12

बत्तख अपनी चोंच को पूँछ के पास ले जाती है और वहाँ रगड़कर फिर उसे अपने पंखों पर घुमाती रहती है। बत्तख की पूँछ के पास तेल जैसी चीज रिसती रहती है। ये चोंच की मदद से पंखों पर तेल जैसी चीज लगाते रहती है जिससे कि पंखों पर पानी न टिके। इस कारण ही बत्तख के पंख पानी में गीले नहीं होते।

उत्तर 13

| स्थान | दिशा |
| --- | --- |
| 1. मंदिर | उत्तर |
| 2. मस्जिद | दक्षिण |
| 3. खेत | पूर्व |
| 4. घर | पश्चिम |

उत्तर 14

कोसा एक खास तरह के कीड़े के द्वारा बनता है। इन्हें कोसे का कीड़ा कहते हैं। इन कीड़ों के अंड़ों से इल्लियाँ निकलती हैं। इल्लियाँ अपने चारों ओर रेशम का एक खोल बनाती हैं। इनको कोकून या कोसा कहते हैं। इनको तोड़कर पानी में उबाला जाता है और रेशों को अलग किया जाता है। इन्हीं रेशों से कोसे का धागा बनता है, जिससे कपड़ा तैयार होता है।

उत्तर 15

असम व मेघालय में अधिक बारिश होती है। जिससे जमीन पर काफी पानी व कीचड़ भर जाता है बाँस अधिक मजबूत होता है। बाँस अधिक समय तक पानी में रहने पर सड़ता–गलता नहीं है, इसलिए असम व मेघालय राज्यों में लकड़ी के घर बनाए जाते हैं।